under Section 9(1) of the Citizenship Act, 1955 if the concerned individual voluntarily acquires the citizenship of any other country. However, an erstwhile Indian national can re-acquire Indian citizenship under appropriate provisions of the Citizenship Act, 1955 on his/her return to India for permanent settlement.

बहादुरशाह जफर के अवशेषों को वापस लाया जाना

1468. **श्री ओम प्रकाश त्यागी** : क्या विदेश मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार अन्तिम मुगल बादशाह तथा 1857 की क्रान्ति के नेता मरहूम बहादुरशाह जफर के अवशेषों को बर्मा सरकार से वापस प्राप्त करने तथा दिल्ली में इस बादशाह का एक स्मारक बनाने का है; और

(ख) यदि हां, तो इस दिशा में भारत सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है अथवा करने का विचार है ?

विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) : (क) और (ख)- सरकार इस प्रश्न के विभिन्न पहलुओं पर विचार कर रही है और उसने इस बारे में बर्मा सरकार के साथ औपचारिक सम्पर्क करने के विषय में निर्णय अभी नहीं लिया है ।

कश्मीर

1469. **श्री ओम प्रकाश त्यागी** : क्या विदेश मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान पाकिस्तान के प्रशासक, जनरल जिया द्वारा, ब्रिटिश प्रधान मन्त्री के पाकिस्तान दौरे के दौरान दिए गये इस वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि जब तक कश्मीर की समस्या हल नहीं हो जाती तब तक भारत के साथ सम्बन्ध सुधारने कठिन हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस पर भारत की क्या प्रतिक्रिया है ?

विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी वाज-पेयी) : (क) इस प्रकार के एक वक्तव्य के बारे में समाचार पत्रों की रिपोर्टों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है ।

(ख) कश्मीर के बारे में सरकार का रवैया सुविदित है ।

आसाम टाटा मिल्स, आसाम की ओर भविष्य निधि की बकाया राशि

1470. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या संसदीय कार्य तथा श्रम मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आसाम टाटा मिल्स, चारीद्वार, जिला तरंग, आसाम के श्रमिकों की भविष्य निधि गत तीन वर्षों से जमा नहीं कराई गई है; और

(ख) यदि हां, तो इस समय कितनी राशि बकाया है ?

श्रम तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम कृपाल सिंह): (क) और (ख). भविष्य निधि प्राधिकारियों ने सूचित किया है कि ऐसा कोई प्रतिष्ठान नहीं है ।

सिक्किम में केन्द्र नियंत्रित चिकित्सालय

1471. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सिक्किम में वहां के नागरिकों के लाभ के लिए इस समय